हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, सोमवार, 19 मई 2025


तापमान

अधिकतम 44 .5 डिग्री
न्यूनतम 22 .5 डिग्री


11 सफाई के नाम पर करोड़ों खर्च, फिर भी कीचड़ एवं गंदगी से सरोबार नाले





12 मेगा सफाई अभियान में उड़ी सुरक्षा की धज्जियां फोटोग्राफी कराने के लिए उड़ाया गया ड्रोन




## खबर संक्षेप

### छह साल की बच्ची के साथ महिला लापता

**रेवाड़ी।** धारूहेड़ा क्षेत्र के एक मोहल्ले से महिला लापता हो गई। महिला अपने साथ 6 साल की बच्ची को भी ले गई है। महिला के पति ने धारूहेड़ा थाना को दी शिकातय में बताया कि उसकी पत्नी 16 मई शाम 4 बजे घर से लापता है। रिश्तेदारी में पूठताछ करने व काफी जगह तलाश करने पर भी उसका कोई पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर लिया है।

### ऑटो की टक्कर से बाइक सवार दो भाई घायल

**रेवाड़ी।** झज्जर रोड स्थित गांव गोकलगढ़ के पास एक ऑटो ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। नागलिया रणमोख निवासी राजेश कुमार ने सदर थाना पुलिस को बताया कि 12 मई को शाम करीब समय करीब 6:30 बजे उसका भाई कृष्ण और सुरेश पुत्रान रामनिवास रोहड़ाई से अपना काम खत्म करके मोटर साइकिल से घर जा रहे थे, जब वे झज्जर फ्लाइओवर क्रॉस करने के बाद हनुमान मंदिर के पास पहुंचे तो एक ऑटो ने पीछे से मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे दोनों को काफी चोटें आई।पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## तिरंगा यात्रा के दौरान केंद्रीय मंत्री ने पाकिस्तान को ललकारा

# नूर खान एयरबेस पर हमले से डरा पाक, गिड़गिड़ाने पर रोका ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिका की मध्यस्थता नहीं: राव

■ न्यूक्लिर हमले की धौंस दिखाने वालों को हम छोड़ेंगे नहीं : राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी







रेवाड़ी। तिरंगा यात्रा में शामिल केंद्रीय मंत्री, जिलाध्यक्ष व विधायक, शहर में तिरंगा यात्रा निकालते लोग, तिरंगा यात्रा में लोगों को संबोधित करते राव इन्द्रजीत सिंह। फोटो :हरिभूमि

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने स्पष्ट किया कि पुलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की तीनों सेनाओं ने पहली बार जिस एकजुटता से ताकत का परिचय दिया, उसी से पाकिस्तान घुटनों के बल आने पर मजबूर हो गया। पाक के नूर खान एयरबेस पर भारतीय सेना के हमले ने पाक को गिड़गिड़ाने पर मजबूर कर दिया, जिस कारण ऑपरेशन सिंदूर को कुछ समय के लिए रोका गया है। ऑपरेशन पूरी तरह खत्म नहीं हुआ और अमेरिका ने कोई मध्यस्थता नहीं की है। राव रविवार को शहर में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बेबाक तरीके से अपनी बात रखने वाले राव ने स्पष्ट किया कि उनकी राय में पाकिस्तान के नूर खान एयरबेस में न सिर्फ पाक, बल्कि दूसरे देशों के भी परमाणु हथियार रखे हुए हैं।

भारतीय सेना ने जब इस एयरबेस पर हमला किया, तो पाकिस्तान बुरी तरह घबरा गया। ऑपरेशन रोकने के लिए वहां के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ से गुहार लगाई थी। भारत चूंकि आंतकियों को उड़ा चुका था, इसलिए ऑपरेशन सिंदूर को कुछ समय के लिए रोक दिया गया।

उन्होंने स्पष्ट किया अभी ऑपरेशन सिंदूर पूरा नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा कि पाक के साथ हुए पहले चार युद्धों में तीनों सेनाएं अलग-अलग लड़ी थीं। वह ऑपरेशन सिंदूर को पांचवे युद्ध के रूप में देखते हैं।

इस युद्ध में पहली बार देश की तीनों सेनाओं ने एक साथ चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ व पीएम मोदी के नेतृत्व में दुश्मन पर सटीक निशाना साधा, जिससे कम समय में दुश्मन घुटनों के बल चलने को मजबूर हो गया।

### विश्व ने देखा हमारी एकजुटता का नजारा

राव ने कहा कि आतंकी हमले के बाद जिस तरह से हर धर्म के जाति के लोगों ने सेना के पीछे खड़े होकर एकजुटता दिखाई, उससे पूरे विश्व को संदेश मिल गया है कि युद्ध जैसे हालात में सभी भारतीय सेना के साथ हैं। सेना में सभी धर्म व जाति के सैनिकों ने देश के लिए जिस साहस का परिचय दिया है, उससे विश्व बिरादरी को एक बड़ा संदेश मिल चुका है। हमारी सेनाओं ने दुश्मन पर आक्रमण करते समय आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाकर यह भी संदेश दिया है कि तीनों सेनाएं मानवीय पहलू को ध्यान में रखकर एक्शन लेती हैं। हमारी सेनाएं मानवता पर कायराना हमला करने वाले लोगों को ही जवाब देती हैं।

### न्यूक्लिर अटैक की धमकी बर्दाश्त नहीं

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की नीति पहले हमला करने की नहीं है। जो लोग न्यूक्लियर अटैक की धमकी देते रहे हैं, उन्हें यह बात अच्छी तरह से समझ लेनी चाहिए कि ऐसे लोगों को हम छोड़ेंगे नहीं। अगर कोई देश परमाणु हमला करने की जुर्रत करता है, तो हमारी तीनों सेनाएं उसे धूल चटाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। पीएम मोदी ने तीनों सेनाओं को खुली छूट दी हुई है। इससे सेना दुश्मन के खिलाफ कोई भी कदम उठाने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र हैं। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना पोपली, पूर्व मंत्री डा. बनवारीलाल, विधायक अनिल यादव, कृष्ण कुमार, लक्ष्मण सिंह यादव, सुनील मुसेपुर, नगर परिषद चेयरपर्सन पूनम यादव, जिला परिषद चेयरमैन मनोज यादव, एक्स सर्विसमैन लीग से सूबेदार मेजर राजपाल यादव, कैप्टन वीर सिंह व कैप्टन भोलाराम यादव सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## सहारनवास के पास सड़क दुर्घटना में महिला स्वास्थ्यकर्मी की मौत

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी-नारनौल मार्ग पर सहारनवास से कुछ आगे एक तेज रफ्तार गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार महिला की मौत हो गई। गांव मूंदी निवासी दयानंद ने बताया कि वह स्वास्थ्य विभाग चिमनावास में कार्यरत है तथा उसके साथ सुनील कुमारी निवासी सुधराना भी चिमनावास में नौकरी करती है। 17 मई को वह सुनील कुमारी के साथ बाइक पर चिमनावास से रेवाड़ी आ रहे थे। जब वे दोपहर करीब 1:30 बजे सहरनवास बस अड्डे से आगे पहुंचे तो पीछे आ रही एक गाड़ी ने पीछे से मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों मोटरसाइकिल सहित सड़क के किनारे गड्डे में गिर गए तथा गाड़ी साइड में पेड़ों से जा टकराई। एक्सीडेंट में सुनील कुमारी के गंभीर चोटें आई। किसी राहगीर ने पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने सुनील कुमारी को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया व दयानंद निजी अस्पताल में दाखिल हुआ। सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों ने सुनील कुमारी को एक्सीडेंट में लगी चोटों के कारण मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने गाड़ी चालक पर केस दर्ज कर लिया है।

## दिल्ली-जयुपर हाइवे से बाइक चोरी

**कसोला।** दिल्ली-जयुपर हाइवे स्थित गांव माढैयां कला के पास से चोर मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। प्रेम नगर नई दिल्ली निवासी सुनील कुमार ने कसोला थाना पुलिस को बताया कि 17 मई को सुबह करीब 10 बजे किसी काम से माढैयां कला आया था तथा अपनी बाइक खड़ी करके चला गया था। जब वापस आया तो वहां से बाइक गायब थी। पुलिस ने अज्ञात पर बाइक चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

## राजपूत सभा ने राजपूत भवन के लिए जगह की उठाई मांग

**रेवाड़ी।** राजपूत सभा ने रविवार को केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से मुलाकात कर जिले में राजपूत भवन के लिए जगह दिलाने की मांग की। राजपूत सभा के सदस्यों ने कहा देश की आजादी से लेकर आज तक राजपूतों ने अपने प्राणों की बलि देकर देश की रक्षा की है। राजपूतों ने अपना सर्वस्व बलिदान दिया है। समाज सेवा में भी राजपूत पीछे नहीं रहे है। ऐसे में समाज की और सेवा तथा समाज हित के लिए राजपूत समाज राजपूत धर्मशाला या राजपूत भवन का निर्माण करना चाहता हैं। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने मांग पर विचार करते हुए पुरजोर पैरवी का आश्वाशन दिया। इस मौके पर कुलदीप चौहान बावल, राजेश चौहान, आनंद सिंह राठौड़ गमीना, वीरेंद्र चौहान कुंडल व यशपाल सिंह चौहान सहित अनेक लोग मौजूद थे।






## भिवानी का सितारा स्मारक

हरियाणा के भिवानी जिले में सितारा स्मारक एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल है। बताया जाता है कि यह 5वें राधास्वामी गुरु, परम संत ताराचंदजी महाराज की समाधि है, जिन्हें 'बड़े महाराज जी' के नाम से भी जाना जाता है। यह स्मारक एक षट्कोणीय संरचना है जो ज़मीन से 6 फीट की ऊँचाई पर तारे के आकार में बनी है और इसकी ऊँचाई 88 फीट है। यह स्मारक किसी खंभे या स्तंभ के बिना खड़ा है, जो इसे वास्तुकला का एक अद्भुत नमूना बनाता है।

# श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र चुलकाना धाम

तीर्थस्थल

दिनेश शर्मा 'दिनेश'



भारत भूमि देवताओं के लिए भी दुर्लभ कही गई है तथा देवताओं के द्वारा इसकी वंदना की जाती है। इस देवधरा पर कितने तीर्थ हैं इसकी गणना करना संभव नहीं है, किन्तु भारत के प्रसिद्ध तीर्थों में जिनका नाम आता है उनमें द्वादश ज्योतिर्लिंग, पंचकाशी, पंचनाथ, पंचसरोवर, नौ अरण्यक, चतुर्दश प्रयाग, सप्तक्षेत्र, सप्तगंगा, सप्तपुण्य नदियां सिद्वक्षेत्र (इक्यावन), बावन शक्तिपीठ, पचपन श्राद्ध क्षेत्र, सप्त सरस्वती, सप्तपुरियां, चार धाम आदि जाने कितने ऐसे तीर्थ स्थान हैं। जो अपने-अपने महत्व के कारण जगत प्रसिद्ध हैं।

तीर्थों के संबंध में महाभारत वनपर्व के तीर्थ यात्रा प्रसंग, स्कंध पुराण के माहेश्वर, वैष्णव, ब्रह्म, काशी, अवंती, नागर और प्रभास आदि सभी सातों खण्डों के साथ-साथ वामन पुराण, मत्स्य पुराण, नारद पुराण, ब्रह्म पुराण आदि में विशद् वर्णन प्राप्त होता है। इसी क्रम में हरियाणा के पानीपत जिले के गाँव चुलकाना जो पानीपत से लगभग 25 कि. मी. दूर है, को चुलकाना धाम के नाम से जाना जाता है। कहा जाता है कि सतयुग में अपनी तपस्या से विख्यात हुए महर्षि चुनकट की तपोभूमि माने जाने वाले इस स्थान का नाम उनके नाम से ही चुलकाना पड़ा। इस धाम को जहाँ भारतवर्ष की 84 प्राचीन सिद्ध पीठों में शामिल माना जाता है, वहीं यह स्थान श्री श्याम धाम के रूप में सुप्रसिद्ध है। सम्पूर्ण भारत वर्ष में श्री श्याम रूप में आराध्य वीर बर्बरीक उत्तर भारत के अधिकतर क्षेत्रों में कुल देवता भी माने जाते हैं।

वर्तमान में सर्वाधित प्रचलित लोक मान्यता अथवा किंवदंतियों में कहा जाता है कि वीर बर्बरीक की अद्भुत कथा मध्यकालीन महाभारत से आरम्भ होती है। जहां वनवास के दौरान महाबली भीम का हिडिंबा से विवाह होता है और उन दोनों से एक पुत्र पैदा होता है घटोत्कच, जो महान बलशाली था। वीर घटोत्कच के शास्त्रार्थ की प्रतियोगिता जीतने पर उनका विवाह आज के असम प्रागज्योतिषपुर के राजा दैत्यराज मुर की पुत्री कामकटंककटा से हुआ। उसे मुर की पुत्री होने के कारण 'मोरवी' नाम से भी जाना जाता था। कुछ भगत कामकटंककटा को मोरवी के अलावा अहिलावती भी कहते हैं और वीर बर्बरीक को अहिलावती का लाल कहकर पुकारते हैं। चुलकाना के स्थानीय लोगों में प्रचलित किंवदंतियों के अनुसार जब वीर बर्बरीक कुरुक्षेत्र युद्ध के लिए जाते हुए मार्ग में ब्राह्मण रूपी भगवान श्री कृष्ण से मिलते हैं तो वे उन्हें कहते हैं कि आप कुरुक्षेत्र मत जाइए क्योंकि हम वहां पर आपकी बलि देने की चर्चा सुनकर आ रहे हैं। धर्मराज युधिष्ठिर अपने भाइयों के साथ एक स्त्री जिसे वह महाचंडी के नाम से पुकार रहे थे, के पैरों में पड़े गिड़गिड़ा रहे थे। वह स्त्री बहुत क्रोधित हो कह रही थीं कि मैं सबका विनाश करूंगी, तुम्हें भी खत्म करूंगी। जब धर्मराज युधिष्ठिर ने उनसे विनाश रोकने का उपाय पूछा तो वे देवी कहती हैं कि तुम्हारे पास तीन महाबली हैं अर्जुन, श्रीकृष्ण और वीर बर्बरीक। जिनमें से किसी एक की बलि मुझे दें तो मैं आपको क्षमा कर सकती हूं, तब सभी आपकी बलि देने को राजी हो गए। इसलिए आप कृपया वहां मत जाइये और अपनी शक्ति व्यर्थ न कीजिये। जब भी तीनों लोको में कोई आपातकालीन स्थिति आयेगी तब ही अपनी शक्ति का प्रदर्शन कीजिए। बर्बरीक बोले, अब तो मैं जरूर जाऊंगा। अपने कुल का नाम रोशन करूँगा। जब भगवान की सारी नीतियां व्यर्थ हो गई तो वे बोले, 'ये रास्ता सीधा युद्धभूमि को गया है। आप जाओ और युद्ध देखो, लड़ो।'



बर्बरीक जैसे ही चलने लगे तभी बर्बरीक के मन में भाव आया कि मैंने इन ब्राह्मण को कोई उपहार तो दिया ही नहीं, तब बर्बरीक वापस मुड़े और ब्राह्मण से कहा, 'हे ब्राह्मण देवता, मैं आपको उपहार स्वरूप कोई भेंट देना चाहता हूं। तब ब्राह्मण ने कहा कि क्या आप हमें वो दे सकते हैं जो हम चाहें। बर्बरीक ने वचन दिया कि आप जो मांगेंगे वह वह आपको देने का वचन देता हूँ। तब भगवान ने वचन के बदले बर्बरीक से शीश का दान मांगा। बर्बरीक बोले, हे ब्राह्मण, मैं अपने वचन का पालन जरूर करूंगा, लेकिन आप मुझे अपना वास्तविक रूप दिखाइये। तब चुलकाना धाम की पावन पवित्र भूमि पर भगवान श्री कृष्ण ने वीर बर्बरीक को अपने विराट स्वरूप के दर्शन कराये। विराट रूप देखकर वीर बर्बरीक ने प्रभु की खूब प्रंशसा की और शीश दान देने के लिए तैयार हुए, तभी भगवान ने कहा, आपकी कोई इच्छा हो तो मुझे बतायें। तब वीर बर्बरीक ने कहा, प्रभु शीश दान के बाद मैं युद्ध तो नहीं लड़ सकूँगा किन्तु युद्ध देखना चाहता हूँ। चुलकाना के स्थानीय लोगों के अनुसार वीर बर्बरीक के शीश का दान यहीं हुआ था। कहा जाता है, 'जहाँ दिया था शीश का दान, वो भूमि है चुलकाना धाम।' और महाभारत के युद्ध के बाद वीर बर्बरीक ने भगवान से श्याम रूप वरदान में माँगा था।

> सैकड़ों वर्षों से चुलकाना धाम पर हर वर्ष फाल्गुन मास में शुक्ल पक्ष की एकादशी व द्वादशी पर मेले का आयोजन होता है। इस मेले में लाखों श्रद्धालु श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम रूप में विद्यमान वीर बर्बरीक के दर्शन करने के लिए आते हैं। वर्तमान में प्रत्येक महीने एकादशी व द्वादशी को हरियाणा और इसके आस-पास के राज्यों से हजारों लोग श्री श्याम दर्शन के लिए मंदिर पहुंचते हैं।

हालांकि महाभारत के आदि पर्व से लेकर स्कन्ध पुराण में वर्णित बर्बरीक उपाख्यान को देखने के बाद वीर बर्बरीक के बारे में जो तथ्यपरक जानकारी हमें प्राप्त होती है, वह लोक में प्रचलित मान्यताओं से कुछ अलग है। दूसरा इसी लोक मान्यता के इतर हरियाणा में ही कुछ और स्थान भी हैं जिनका संबंध वीर बर्बरीक यानी श्री श्याम से माना जाता है। चुलकाना में वीर बर्बरीक का श्री श्याम के रूप में प्राचीन मन्दिर स्थित है। इसके पास ही भव्य श्याम कुण्ड का निर्माण किया गया है। 'अखिल भारतीय वंशावली संरक्षण व संवर्धन संस्थान' और मंदिर में आराधना का दायित्व निभाने वाले परिवार के अनुसार महंत उधोदेव की परंपरा में संवत 1705 में कन्हैया दास चुलकाना आये। उन्होंने शंखनाद कर चुलकाना को अपना प्रार्थना स्थल बनाया तथा श्री श्याम जी की स्थापना की। आज भी कन्हैया दास के वंशज ही मंदिर में पूजा का कार्य संभालते हैं। हालांकि अब मंदिर की देख-रेख, व्यवस्था और प्रचार-प्रसार के लिए ग्रामीणों द्वारा 'श्री श्याम मंदिर सेवा समिति' की स्थापना भी की गयी है। विगत कुछ वर्षों में मंदिर का जीर्णोद्धार करके उसे विशाल और भव्य स्वरूप प्रदान किया गया है। चुलकाना एक ऐतिहासिक गांव है जहां हमें सालों पुरानी कुछ हवेली देखने को मिलती और अनेक प्राचीन मंदिर भी बने हैं। महर्षि चुनकट और बाबा लकीसर से सम्बंधित अलग मंदिर परिसर और सरोवर भी जन सामान्य के बीच आस्था का केंद्र हैं। ऐसा कहा जाता है कि वर्षों पहले यमुना नदी का बहाव चुलकाना गांव के उक्त सरोवर तक था। हजारों लोगों की आस्था को सम्मान देते हुए वर्तमान राज्य सरकार ने इस धाम के प्रचार-प्रसार और संरक्षण के लिए तीर्थ स्थल बोर्ड के गठन करने की घोषणा की है। गांव के बाहर तोरणद्वार और सड़क के विस्तार का कार्य प्रगति पर है। सैकड़ों वर्षों से चुलकाना धाम पर हर वर्ष फाल्गुन मास में शुक्ल पक्ष की एकादशी व द्वादशी पर मेले का आयोजन होता है। इस मेले में लाखों श्रद्धालु श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम रूप में विद्यमान वीर बर्बरीक के दर्शन करने के लिए आते हैं। वर्तमान में प्रत्येक महीने एकादशी व द्वादशी को हरियाणा और इसके आस-पास के राज्यों से हजारों लोग श्री श्याम दर्शन के लिए मंदिर पहुंचते हैं। जबकि श्री श्याम बाबा के फाल्गुन मेले में पूरे देश से भक्तजन आते हैं। चुलकाना और आसपास के गांवों के लोग कुल देवता के रूप में भी श्री श्याम की आराधना करते हैं। आज भी चुलकाना धाम में महाभारत कालीन पीपल का वृक्ष है। यहाँ आपके लिए यह जानना और रोचक होगा कि अब चुलकाना धाम पर प्रतिदिन आने वाले सैकड़ों श्रद्धालुओं के कारण स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा हुए हैं। स्कन्ध पुराण के माहेश्वर खंड के द्वितीय उपखंड कौमारिका खंड के 66वें अध्याय के 115वें एवं 116वे श्लोक में श्री श्याम यानि वीर बर्बरीक की एक अलौकिक स्त्रोत्र से की गयी स्तुति का भावार्थ है कि 'हे विप्रगण! इस स्तोत्र द्वारा श्रावण मास में जो सुहृदय की पूजा करेगा और वैशाख कृष्णपक्ष की त्रयोदशी को सैकड़ों भरे हुए दीपक जलाकर उनका स्तवन करेगा, उस पर वे (सुहृदय) प्रसन्न होंगे।'



---

रागणी

डॉ. शील कुमार



## ऑपरेशन सिन्दूर

आज्या नै तु नणदी के बीरा हो,
रहेगी अकेली तेरी नार।

मेरी गेल्यां ब्याह करवाकै,
बणा था जीवन साथी।
बीच भंवर मै छोड़ डिगरै ग्या,
रह्या ना कोए हमाती।
रहगी अकेली तेरी नार.....

पहलगाम मैं आए थे घूमणै,
घर तै कोशों दूर।
नाम पूछकै गोली मारी,
मिटा दिया सिंदूर।
सहगी अकेली तेरी नार

ओप्रेशन सिंदूर' चलाया,
आतंकी घबराए।
आतंकवाद की कमर तोड़ दी,
उनके घुटने टिकाए।
फहगी अकेली तेरी नार....

कोए भी नापाक हरकत,
भारत नै ना भायी।
शील पै जिसनै वार करआ,
उसनै मुंह की खायी।
कहगी अकेली तेरी नार....

आज्या नै तु नणदी के बीरा हो,
रहेगी अकेली तेरी नार।

---

कविता

राजपाल सिंह गुलिया



## पहलम आली बात नहीं सै

भोत बदलग्या गाम आज यो , पहलम आली बात नहीं सै ,
बणे फिरैं वे टेक गाम की , जिनकै जात जमात नहीं सै .

बात -बात म्हँ छोह म्हँ भर कै , ये ठा ल्यावैं हथियारां नै
दे राख्या नाकॉं म्हँ धुम्मा , इब गाम गैल दो च्यारां नै ,
दारू पी कै एक लाठी तैं , हाँकें सै देखो सारां नै .
खूड बेच कै आया चिमकणा , इन टूटे ओड़ सितारां नै .
लाखां की ये बात करैंगे , दो आन्ने औकात नहीं सै .

कदे इसके अर कदे उसके , सभ के ठायां हाण्डै झंडे ,
झूठ -साँच के अपणावैं सैं , नित नए- नए ये हथकंडे .
योह जितैगा वो हारैगा , बणे फिरैं सैं सियासी पंडे .
दारू इनकी उतरै सै जिब , पड़ें पुलिस के इन पै डंडे .
बिना पिटे ये घर आए हों , आयी ईसी रात नहीं सै .

लिहाज शर्म का काम रह्या न , लोग नशे के गुलाम होग्ये ,
पड़े पावैं सैं ये गालां म्हँ , ये सभतैं भुंडे काम होग्ये .
कर्जा ले कै तुरत नाट ज्याँ , किस्से ये भी आम होग्ये .
आज सहर नै परे बठावैं , इसे कसूते गाम होग्ये .
बात करैं सैं वे बरसां की , जिन धोरै घड़ी स्यात नहीं सै .

गाँधी के सपनां के गाम की , इब ये ठेके स्यान बढ़ावैं ,
ताश खेलते सारा दिन ये , रोज साँझ नै रंग जमावैं .
भूल भटक ये कदे खेत म्हँ , भी ना चक्कर मारण जावै ,
याह धरती एक्वायर होज्या , इब ये सारे न्यूं ए चाहवैं .
राजपाल गुलिया भी करता , किसै एक की बात नहीं सै .

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

रोचक

दिल्ली सीमा पर अंग्रेजों के साथ स्वतंत्रता सेनानियों की चार माह में 32 बार भिड़ंत हुई, केवल चुनिंदा देशी शासकों ने अंग्रेजों का विरोध किया

# मई माह में आरंभ हुआ था 1857 का स्वतंत्रता संग्राम



इतिहास

यशपाल गुलिया

विद्रोह व गदर के उप नामों से जाना जाने वाला सैन्य अभियान वास्तव में प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम था। अंग्रेजों द्वारा भारतीय सैनिकों के साथ भेदभाव तथा चर्बी वाले कारतूस आदि विभिन्न कारणों से भारतीय सैनिकों में आक्रोश व्याप्त हो चुका था। यद्यपि अंग्रेज अधिकारियों के विरुद्ध विद्रोह का श्रीगणेश तो मंगल पांडे ने 29 मार्च 1857 को कर दिया था। परन्तु वास्तविक सैन्य विद्रोह मेरठ स्थित तीसरी कैवलरी के सैनिकों ने 10 मई 1857 से किया था।

मेरठ में अंग्रेज कमांडर जनरल हैविट ने 9 मई को 85 भारतीय सैनिकों को बन्दी बना डाला था। उससे वहां स्थित शेष सैनिकों में अत्याधिक आक्रोश हो गया और उन्होंने बगावत करके अंग्रेज अधिकारियों का वध करके सभी 85 सैनिकों को रिहा करवा लिया। फिर 10 मई की शाम को ही सभी विद्रोही सैनिक दिल्ली को कूच कर गए। अगले दिन उन सैनिकों ने दिल्ली पहुंचकर बहादुरशाह जफर को भारत का स्वतन्त्र बादशाह घोषित कर दिया तथा दिल्ली में अंग्रेजों का कत्लेआम कर डाला।

दिल्ली में स्थित 4-5 सैनिक बटालियन भी मेरठ वाली सैनिकों के साथ मिल गई। तब दिल्ली में रेजिडेन्ट कमिश्नर साइमन फ्रेजर था और सम्पूर्ण भारतीय सेना अध्यक्ष जॉर्ज ऐनसन था जो ग्रीष्मकालीन के लिए शिमला गया हुआ था। भारत का अंग्रेज गवर्नर जनरल लार्ड केनिग था जो कलकता रहता था। संग्राम के आरम्भ होने पर लार्ड केनिग ने ऐनसन को दिल्ली पर फिर से कब्जा करने बारे संदेश भेजा। तब तक दिल्ली में भारतीय स्वतन्त्रता सेनानियों की संख्या भी काफी हो चुकी थी। कारण यह कि बरेली, निमच, नसीराबाद, मथुरा, कानपुर आदि छावनियों से भी काफी संख्या में भारतीय सैनिक दिल्ली आने लग गए थे। परन्तु ज्यादातर भारतीय रजवाड़ों ने सेनानियों की सहायता नहीं की बल्कि पंजाब स्थित कुछ शासकों ने तो अंग्रेजों की खुलकर सहायता की थी जिनकी सहायता से अंग्रेज कमांडर ऐनसन अम्बाला में एक बड़ी सेना गठित करने में सफल हो गया था। वह सेना दिल्ली पर धावा बोलने के लिए करनाल के रास्ते 8 जून को समयपुर बादली पहुंच गई थी, लेकिन दिल्ली के अन्दर पड़ाव लगाए सेनानियों ने उस सेना से भीषण युद्ध करके वापस हटा दिया। अंग्रेजों की उस गठित सेना ने फिर दिल्ली के बाहर बाड़ा हिन्दुराव वाली रीज पर पड़ाव डाल लिया। यह 20 सितम्बर 1857 तक दिल्ली के अन्दर पहुंच ही नहीं सकी। मुख्य अंग्रेज कमांडर ऐनसन, फिर कमांडर ब्रनार्ड आदि की वहां मृत्यु हो गई थी। इसके बाद कमांडर मिस्टर रीड व आर्चडेल विलसन आदि ने पदभार सम्भाला और सेनानियों की कमांड बरेली के भक्तखां ने सम्भाल रखी थी। क्रान्तिकारियों को बहादुरशाह जफर समय पर वेतन आदि नहीं दे पाया और देशी रजवाड़ों की निष्क्रियता के कारण उनका मनोबल सितम्बर माह तक गिरना आरम्भ हो गया था। रिज स्थित अंग्रेज सेना व क्रान्तिकारियों के मध्य दिल्ली के बाहर चार मास में 32 बार टकराव हुआ।

उस अवधि में 1450 अंग्रेज अधिकारी मारे गए थे तथा झांसी, लखनऊ व बिहार आदि में भी क्रांति ने व्यापक रूप ले लिया था। अन्ततः अंग्रेज अपनी कूटनीति व समन्वय की वजह से 20 सितम्बर 1857 को दिल्ली पर अधिकार करने में सफल हो गए थे। स्वतन्त्रता संग्राम की भीषणता का आकलन उन द्वारा 1857 में दिए गए 182 विक्टोरिया क्रॉस की संख्या से लगाया जा सकता है, जो विश्वयुद्ध में दिए गए 182 विक्टोरिया क्रॉस की संख्या के बराबर थी।





दिल्ली में बाड़ा हिन्दुराव पर अंग्रेजों द्वारा बनाया स्मारक तथा शिलालेख पर 32 लड़ाइयों का विवरण अंकित है।

> अन्ततः अंग्रेज अपनी कूटनीति व समन्वय की वजह से 20 सितम्बर 1857 को दिल्ली पर अधिकार करने में सफल हो गए थे। स्वतन्त्रता संग्राम की भीषणता का आकलन उन द्वारा 1857 में दिए गए 182 विक्टोरिया क्रॉस की संख्या से लगाया जा सकता है, जो विश्वयुद्ध में दिए गए 182 विक्टोरिया क्रॉस की संख्या के बराबर थी।

---

# संस्कृति के संवर्धन में लोक कलाओं की खास भूमिका : सोनिया

कलाकार

ओ.पी. पाल

हरियाण की समृद्ध लोक संस्कृति के संवर्धन में जुटे लोक कलाकारों ने अपनी कला को नई दिशा देने का प्रयास ही नहीं किया, बल्कि हरियाणवी कला, संस्कृति और परंपराओं की देश-विदेशों तक अलख जगाई है। ऐसे ही कलाकारों में प्रतिभावान सोनिया अपने लोक नृत्य की कला को ऐसी धार देने में जुटी हैं, जिसमें उनका लोक नृत्य, केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि संस्कृति का वाहक बनकर धर्म, संस्कार और आत्म-चिंतन को जोड़ने का सबब बनता जा रहा है। लोक नृत्य के साथ वह भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक की विधा में अपने कदम बढ़ा रही हैं।

युवा लोक कलाकार सोनिया ने अपनी लोक कला के सफर को लेकर कुछ ऐसे पहलुओं को भी उजागर किया है, जिसमें वह अपनी कला लोक परंपरा और शास्त्रीय साधना से एक ऐसा सांस्कृतिक पुल बनाया जा सकता है, जो नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जोड़कर समाज को सकारात्मक विचारधारा के साथ नई दिशा देने में सक्षम है। हरियाणा की प्रतिभाशाली कलाकार सोनिया का जन्म 24 सितंबर 2001 को यमुनानगर जिले के ससोली गाँव के एक मध्यमवर्गीय परिवार में सुरेंद्र कुमार और करनैलो देवी के घर में हुआ। उनके परिवार में कोई सांस्कृतिक या कला का माहौल नहीं था। सोनिया की प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही सरकारी स्कूल में हुई, उनके पिता कभी-कभी रिक्शा चलाकर भी परिवार का पालन पोषण करने का प्रयास करते थे, जबकि माता नगर पालिका में कच्ची कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं। कोरोना काल में उनके पिता का निधन हो गया। तब वह गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज, यमुनानगर में स्नातक प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। परिवार की जिम्मेदारी संभाल रही मां ने बेटे के अभाव में भी घर में तीन बेटियों का आत्मबल कभी कम नहीं होने दिया और आर्थिक चुनौतियों के बीच धैर्य और एकजुटता से आगे बढ़ने की शक्ति दी। बकौल सोनिया उन्हें बचपन से ही नृत्य में अभिरुचि थी। जब भी कोई फिल्म देखती, तो उसके नृत्य को कॉपी करने की कोशिश करती और उसके संवादों की तरह अभिनय भी करती थी। कभी कमरे में अकेले, तो कभी किसी पारिवारिक आयोजन में जैसे ही संगीत बजता या कोई सीन मन को छूता, मेरा मन नृत्य और अभिनय की ओर खिंच जाता था। समय के साथ यह रुचि ही उनकी साधना बन गई और अब लोकनृत्य ही उसकी कला की पहचान बन चुकी है। गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज में शिक्षा के दौरान यूथ फेस्टिवल में उन्हें हरियाणवी लोक नृत्य के ग्रुप डांस में भाग लेने का अवसर मिला,जहां उनकी कला को मिली सराहना ने आत्मविश्वास को ऐसे बढ़ाया कि उनका मन पूरी तरह नृत्य में रच-बस गया। कॉलेज में ही उन्होंने हरियाणवी लोकनृत्य की बारीकियां सीखीं, जिसके बाद उन्होंने कई फिल्मों की शूटिंग के दौरान बैकग्राउंड डांसर के रूप में काम करना शुरू किया। इसी दौरान उन्हें स्वर्गीय सिंगर राजू पंजाबी के साथ एक गाने में मुख्य भूमिका में भी काम करने का अवसर मिला। परिवार और समाज के कुछ लोग शुरू में रोक-टोक करते थे, पर उन्होंने हार नहीं मानी। जब उन्होंने हरियाणवी लोकनृत्य और भारतीय शास्त्रीय नृत्य की दुनिया में कदम रखा, तब यह सिर्फ एक शौक नहीं, बल्कि आत्मा की पुकार थी।

युवा लोक नृत्य कलाकार सोनिया का कहना है कि हमारी लोक नृत्य, संगीत, और रंगमंच जैसी पारंपरिक कलाओं को कहीं न कहीं संघर्ष करना पड़ रहा है, जिसका कारण डिजिटल माध्यमों ने मंचों को स्क्रीन में बदल दिया है। हरियाणवी लोक नृत्य, रंगमंच और संगीत जैसे पाठ्यक्रमों को स्कूली स्तर पर लागू करने की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार को लोक कला और नृत्य को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष योजनाएं बनानी चाहिए, ताकि कलाकारों को आर्थिक और सामाजिक सहायता मिल सके, जिससे वे अपनी कला को सशक्त रूप से प्रस्तुत कर सकें।





### हरियाणवी संस्कृति सर्वोपरि

सोनिया अपनी कला को केवल मंच की प्रस्तुति नहीं, बल्कि आत्मिक यात्रा मानती है। हरियाणवी लोक नृत्य में गांव की मिट्टी की सोंधी खुशबू, भाषा, लोकगीत, हंसी-मजाक और संघर्ष सब कुछ समाहित करते हुए हरियाणा संस्कृति को सर्वोपरि रखा है। अब सोनिया का झुकाव भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक की ओर भी है, जिसकी विद्या को पूरी श्रद्धा और लगन से सीख रही है, क्योंकि इसमें केवल ताल और गति नहीं, बल्कि गहराई से भाव, कथा और आत्मिक अनुशासन छिपा है। उनका कहना है कि अपनी कला में उनका लक्ष्य नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का है, ताकि समाज को सकारात्मक विचारधारा के साथ नई दिशा मिल सके और उनकी कला मनोरंजन नहीं, बल्कि संस्कृति का वाहक बनकर धर्म, संस्कार और आत्म-चिंतन से जुड़ सके।

## खबर संक्षेप

### रेजांगला पार्क से पानी की मोटर ले गए चोर

**रेवाड़ी।** रेजांगला पार्क स्थित वार म्यूजियम से चोर पानी की मोटर चोरी कर ले गए। विजय नगर निवासी पूर्व सैनिक कल्याण समिति के प्रधान राजपाल ने मॉडल टाउन थाना पुलिस को बताया कि रेजांगला पार्क के वार म्यूजियम में रिपेयरिंग का कार्य चल रहा है। वार म्यूजियम में एक वाटर कूल लगा हुआ है, जिसके लिए पानी की मोटर लगी हुई है। 16 मई को किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनको सूचना दी कि पानी की मोटर चोरी हो गई, जबकि उसके मुख्य गेट की चाबी उनके पास रहती है। उन्होंने व्यक्ति पर संदेह जताते हुए मामले की जांच करने की मांग की है।

### सट्टा खाईवाली करते हुए एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** जगन गेट चौकी पुलिस से मोहल्ला छिपटवाड़ा से सट्टा खाईवाली करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली कि देवेन्द्र उर्फ डमरु छिपटवाड़ा स्थित अपने मकान के बाहर बैठकर सट्टाखाई वाली का काम कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने बोगस ग्राहक भेजकर आरोपी को नकदी व सट्टे की पर्ची सहित गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1910 रुपये व सट्टे की पर्ची बरामद की।

### खेत पर बने कमरे से सामान ले गए चोर

**धारूहेड़ा।** गांव मसानी में खेत में बने कमरे का ताला तोड़कर चोर सामान चुरा ले गए। गांव मसानी निवासी विजयसिंह ने धारूहेड़ा थाना पुलिस को बताया कि उसने खेत में ट्यूबवेल लगाया हुआ है तथा एक कमरा भी बनाया हुआ है। 13 मई को वह कमरे का ताला लगाकर गया था। जब 17 मई को ट्यूबवेल पर आया तो कमरे का ताला टूटा हुआ था। जांच करने पर कमरे से स्टार्टर, पैनल व केबल गायब थी। उसके बाद उसने डायल-112 पर काल करक पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### स्मैक व गांजे के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** शहर थाना पुलिस ने अग्रसेन चौक स्थित नेजाती सुभाष चंद्र बोस पार्क के पास से दो आरोपियो को नशीला पदार्थ स्मैक व गांजे के साथ काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली कि दो युवक वीर निवासी नया गांव शहादत नगर कोसली तथा रविन्द्र उर्फ रवि गांव रामगढ भगवानपुर हाल में शिव कॉलोनी निवासी नशीला मादक पदार्थ गांजा व स्मैक बेचने के लिए अग्रसेन चौक के पास सुभाष पार्क में खडे है।

### ब्रेजा चोरी करने के मामले में एक और आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने ब्रेजा गाड़ी चोरी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला अलवर के गांव चौमा निवासी सूबेदार उर्फ सुबा के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। सेक्टर-4 निवासी विनित कुमार ने 11 जून 2021 को अपनी ब्रेजा गाड़ी को घर के सामने खड़ा किया था, जिसे कोई व्यक्ति चोरी करके ले गया। पुलिस ने मामले में संलिप्त पांच आरोपी प्रदीप सिंह, आसम, जमालू, राहुल खान व सुखजीवन को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

### कैंप में 125 लोगों ने आंखों व 70 ने कराई दांतों की जांच

**कोसली।** कोसली की बीबी हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन व ग्राम पंचायत के सहयोग से रविवार को गांव के पंचायत घर में आंखों व दांतों की जांच के लिए निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन तहसीलदार जितेन्द्र कुमार व बाबा शिवपुरी महाराज ने किया। शिविर में 125 लोगों ने आंखों तथा 70 लोगों ने दांतों की जांच कराई। फाउंडेशन की चेयरमैन नीरज राव ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व कार्यकारी अभियंता दिनेश यादव, पूर्व चेयरमैन कैलाश बाई, भाजपा नेत्री सरोज यादव,पंच ओमप्रकाश डाबला, कृष्ण यादव पंच, बिजेंद्र सिंह यादव, रिंपी यादव, हरपाल आदि मौजूद रहे।

नालों की सफाई न होने से मानसून में सड़कों पर होगा जलभराव

# सफाई के नाम पर करोड़ों खर्च फिर भी गंदगी से सराबोर नाले

सफाई के नाम पर खानापूर्ति कर रही नगरपालिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा

धारूहेड़ा नगरपालिका की ओर से कस्बे की सफाई करने के नाम पर करोड़ों रुपये पानी की तरह से बहाए जा रहे हैं, लेकिन गंदे पानी की निकासी के लिए बने नाले पूरी तरह से कीचड़ एवं गंदगी से भरे हुए हैं, जिसकी वजह से कस्बे के गंदे पानी की निकासी सही तरह से नहीं हो रही है। यदि इन नालों का यही हाल रहा तो आने वाले मानसून के मौसम में शहर मे जगह-जगह जलभराव की स्थित उत्पन्न होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

कस्बे में गंदे पानी की निकासी के लिए एक दशक पूर्व नालों का निर्माण कराया गया था, जिसमें दिल्ली मार्ग, नंदरामपुर बास मार्ग, सोहना-पलवल-रेवाड़ी राजमार्ग नंबर-919 के दोनों ओर, बिजली निगम कार्यालय मार्ग व पशु पालन अस्पताल के साथ नाले बनाए गए हैं। वर्तमार में सभी नाले गंदगी और कीचड़ से सरोबार हैं, जिसकी वजह से उठ रही बदबू से लोग परेशान हैं। नगरपालिका ने शहर की सफाई कराने के लिए करीब 130 सफाई कर्मचारियों को ठेकेदार के माध्यम से लगाया हुआ है। नपा ने कचरे की सफाई कराने के लिए टेंडर अलग से छोड़ा हुआ है, लेकिन कस्बे के अधिकांश नाले एवं नालियां कीचड़ व गंदगी से लबालब हैं। हालांकि नपा के अधिकारियों ने एक वर्ष पूर्व नालों की सफाई कराई थी, लेकिन वह ऊंट के मुंह में जीरा वाली कहावत को चारितार्थ कर रही थी। हल्की वर्षा होने से कस्बे में जगह-जगह जलभराव हो जाता है, जिससे कस्बावासियों के साथ आसपास के गावों के लोगों को भी जूझना पड़ता है। दिल्ली व नंदरामपुर बास मार्ग पर तोजलभराव होने की वजह से लोगों का पैदल निकलना मुश्किल हो जाता है। अब मानसून आने वाला है, लेकिन नगरपालिका की ओर से कस्बे के नालों की सफाई अभी तक शुरू नहीं कराई गई है।



रेवाड़ी। धारूहेड़ा क्षेत्र में गंदगी से सरोबार नाला। फोटो :हरिभूमि

### खुले नाले दे रहे हैं हादसों को न्योता

*की ओर से कस्बे में बनवाए गए अधिकांश नाले गहरे होने के साथ-साथ खुले पड़े हुए हैं। इन नालों के मेनहोल पर सुरक्षा जालियां तक नहीं है, जिससे कभी भी किसी पशु, बच्चे या व्यक्ति के गिरने से बड़ा हादसा हो सकता है। कई बार कुछ व्यक्ति एवं पशु इन नालों में गिर चुके हैं। नगरपालिका को चाहिए कि वे मानसून से पूर्व सभी नालों की सफाई कराएं। ताकि मानसून के दौरान होने वाली वर्षा से शहर में जलभराव की समस्या पैदा न हो सके। नालों की सफाई होने से कस्बे के लोगों को जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी।*

### नगरपालिका की सफाई समझ से परे

शहर की सफाई कराने के नाम पर नगरपालिका की ओर से करोड़ों रुपये पानी की तरह से बहाया जा रहा है। फिर भी कस्बे के सभी नाले कीचड़ एवं गंदगी से भरे हुए हैं। आखिरकार नगरपालिका प्रशासन सफाई कहा करा रहा है, यह समझ से परे है। कस्बे में सभी नालियां और नाले कीचड़ से भरे हुए मिलेंगे। सफाई व्यवस्था को लेकर पार्षद एवं नपा के अधिकारी रुचि नहीं ले रहे हैं।

**अनिल कुमार, नागरिक।**

### मानसून से पहले होगी नालों की सफाई

शहर के नाले गंदगी से भरे हुए हैं। नगरपालिका सचिव को अनुभव न होने के कारण हर क्षेत्र में बुरा हाल है। वर्षा के मौसम से पूर्व कस्बे के सभी नालों की सफाई करा दी जाएगी।

**कंवर सिंह, चेयरमैन, नगरपालिका धारूहेड़ा।**

सारिका ने 94 % अंक प्राप्त करके विद्यालय में टॉप किया

## राजकीय स्कूल रतनथल का शानदार रहा परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतनथल का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड दसवीं की परीक्षा का परिणाम शानदार रहा। स्कूल के 43 विद्यार्थियों ने दसवीं की परीक्षा दी थी, जिसमें छात्रा सारिका ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में टॉप किया। छात्रा पायल ने 93 रपतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय तथा मोहिनी ने 90 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल के 13 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की व 21 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। स्कूल परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सभी मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य अशोक कुमार और एसएमसी प्रधान राम अवतार सहित स्टाफ सदस्यों ने सम्मानित किया। प्राचार्य अशोक कुमार ने कहा कि इस शानदार परीक्षा परिणाम का श्रेय स्टाफ के कठिन प्रयास और विद्यार्थियों की मेहनत को जाता है। दो विद्यार्थियों ने सामाजिक विज्ञान में 100 में से 100 अंक लेकर अपनी प्रतिभा दर्ज कराई। वरिष्ठ प्रवक्ता किरणपाल ने इस उपलब्धि का श्रेय प्रिंसिपल अशोक कुमार के कुशल नेतृत्व को दिया। इस अवसर पर सुभाष सरपंच, वरिष्ठ प्रवक्ता दिनेश शर्मा, संजय कुमार, नीरू शर्मा, टीकाराम सिंघल, रुचि चौहान, पूजा, रीना यादव, सीमा यादव, बलराम, राजेंद्र अहलावत, दीपक कुमार, अमित कुमार, महेंद्र सिंह, चंद्रशेखर, अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।



रेवाड़ी। रतनथल स्कूल के मेधावी विद्यार्थी शिक्षकों के साथ। फोटो :हरिभूमि

### नवविवाहित ने किया जेवरों पर हाथ साफ

**रेवाड़ी।** बीते शनिवार की सुबह भाड़ावास में लाखों रुपये के जेवरात चोरी की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। रामपुरा पुलिस ने जांच के बाद शिकायतकर्ता की नवविवाहित पुत्रवधु को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है, जो जेवर लेकर मायने जाने की फिराक में थी। जेवर बरामद होने के बाद उसे कोर्ट में पेश करते हुए न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। गत 17 मई को पुलिस शिकायत में सुरेश कुमार ने बताया कि बताया कि शनिवार सुबह करीब 4 बजे जब वह उठा तो रसोई का ताला खुला हुआ था। कमरे का सारा सामान बिखरा हुआ था। उसके मकान से सोने का नथ टीका, सोने की अंगूठी, कानों के टॉप्स व चांदी के कई जेवरात चोरी हो गए थे।




### सरकुलर रोड पर चला मेगा सफाई अभियान

**रेवाड़ी।** शहर को स्वच्छ एवं साफ-सुथरा बनाए जाने की मुहिम के तहत रविवार को विधायक लक्ष्मण सिंह यादव की अगुवाई में सरकुलर रोड पर महामेगा सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों, सफाई योद्धाओं व गणमान्य लोगों ने हाथों में झाडू थामकर सफाई की। हजारों विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर सभी को स्वच्छता का संदेश दिया। विधायक लक्ष्मण सिंह की अगुवाई में अभियान को लेकर 20 टीमों का गठन किया गया, जिन्हें दो भागों में विभाजित किया गया। पहली टीम ने धारूहेड़ा चौक से झज्जर चौक, रेलवे चौक होते हुए राव तुलाराम पार्क पहुंची व दूसरी टीम ने अंबेडकर चौक, बस स्टैंड व अग्रसेन चौक होते हुए नाईवाली चौक तक सफाई की। विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर सफाई व स्वच्छता से जुड़ी पट्टिकाएं लेकर सभी को स्वच्छता का संदेश दिया। विधायक लक्ष्मण यादव ने भी सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। राव तुलाराम पार्क में प्रियंका यादव के संचालन में आयोजित समारोह में दिव्यांग विद्यार्थियों तथा कलाकारों ने नाटिकाओं के माध्यम से सभी को स्वच्छता अपनाने तथा गंदगी नहीं फैलाने का संदेश दिया।

आपका आत्मविश्वास ही आपका सच्चा मित्र : दिनेश

## दृढ़ आत्मविश्वास के बल पर मिली सफलता चिरस्थाईः कपूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हमारा परिवार संस्था के तत्वावधान में रविवार को राव तुलाराम पार्क में स्वच्छता अभियान को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी दयाराम आर्य, शिक्षाविद राजेंद्र सिंह यादव, प्रोफेसर सी एल सोनी व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि आपका आत्मविश्वास ही आपका सच्चा मित्र हैं। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि, जिसमें आत्मविश्वास नहीं है वो नास्तिक है। महारानी लक्ष्मीबाई ने ललकार कर कहा था कि मैं जीते जी अपनी झांसी नहीं दूंगी। उनकी वीरता के सामने अंग्रेजों की बड़ी फौज को भी अनेक बार पराजय का सामना करना पड़ा। छत्रपति शिवाजी ने ठान लिया कि मुगलों को हराकर सनातन हिंदू राष्ट्र की स्थापना करनी है। दृढ़ आत्मविश्वास के बल पर मिली सफलता चिरस्थाई होती है। कार्यक्रम में प्रवक्ता देवेंद्र कुमार, सुदर्शन मेहंदीरत्ता, अशोक जुनेजा, सोनिया कपूर, ओजस्वी, कपिल कपूर, पूर्वांशी, नयन शर्मा, सौरभ मनोचा, नंद कुमार, जूही पिपलानी आदि मौजूद रहे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद आयोजक व अन्य गणमान्य लोग। फोटो :हरिभूमि

## सहकारी बैंक निदेशक मंडल में राव समर्थकों का दबदबा अजय पटौदा लगातार दूसरी बार निदेशक बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

दी रेवाड़ी केंद्रीय सहकारी बैंक निदेशक मंडल के चुनाव रविवार को बैंक परिसर में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गए। इन चुनावों में 10 जोन में से 8 जोन के निदेशक केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह समर्थक बने हैं। निर्वाचन अधिकारी यशपाल दहिया उप रजिस्ट्रार की देखरेख में चुनाव संपन्न हुए। बैंक प्रबंधक और चुनाव प्रबंधक प्रशांत यादव ने बताया कि बैंक के निदेशक मंडल में 10 जोन शामिल हैं। जोन नं. 1 से पिंकी यादव ने कमला यादव को 2 मतों से हराकर चुनाव जीता। जोन नं. 2 से अजयपाल ने राजेश यादव को 10 मतों से पराजित किया। अजयपाल को 15 और राजेश को 5 मत हासिल हुए। तीसरे प्रत्याशी संजय को 3 मतों पर संतोष करना पड़ा। जोन नं. 3 से मुकेश यादव ने जयंत यादव को 7 मतों से परास्त किया, जबकि 4 नं. जोन से समान मत मिलने के कारण ड्रा कराया गया। इसमें किस्मत ने महेंद्र का साथ दिया और निदेशक चुन लिए गए। जोन नं. 5 में सुनील यादव ने महेंद्र को 2 मतों से हराया। जोन नं. 6 में रणबीर ने ड्रॉ के जरिए जीत हासिल की। जोन नं. 7 से मनीष ने मदनलाल को 2 मतों से हराया, जबकि जोन 8 में राजबाला ने सुशीला को 2 मतों से शिकस्त प्रदान की। जोन नं. 9 में शमशेर सिंह निर्विरोध निदेशक निर्वाचित घोषित किए गए, जबकि जोन नं. 10 में समान वोट मिलने के कारण हुए ड्रा की पर्ची से जीत हासिल की।



रेवाड़ी। जीत के बाद बैंक परिसर में खुशी मनाते हुए निदेशक अजय पटौदा व अन्य।

### मिठाई बांटकर किया खुशी का इजहार

बने प्रत्याशियों ने जीत के बाद मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। दूसरी बार निदेशक बने अजय पटौदा ने अपनी और सात अन्य निदेशकों की जीत के लिए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत, कैबिनेट मंत्री आरती राव, रवि , विकास यादव के आशीर्वाद व सहयोग का परिणाम बताया है। अजय चुनाव जीतने के बाद केंद्रीय मंत्री के सहयोगी रवि यादव के निवास पर पहुंचे और उनका आशीर्वाद लिया। राव के अन्य समर्थकों ने भी उनके निवास पर जाकर आशीर्वाद लेते हुए मिठाई बांटकर खुशी जताई।



रेवाड़ी। नवदीप को मिठाई खिलाकर बधाई देते वीर कुमार यादव। फोटो :हरिभूमि

### एचबीएसई बारहवीं परीक्षा में मेरिट में आए छात्र नवदीप को किया सम्मानित

**कोसली।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की बारहवीं की परीक्षा में विज्ञान संकाय में 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा स्थान हासिल करने वाले कोसली गांव के छात्र नवदीप शर्मा को भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरकुमार यादव ने बधाई देते हुए सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नवदीप शर्मा जैसे होनहार विद्यार्थी समाज और देश का भविष्य हैं। उन्होंने नवदीप की मेहनत, माता-पिता की प्रेरणा और शिक्षकों के मार्गदर्शन को सफलता का मूल आधार बताया। वीरकुमार यादव ने कहा कि जब हमारे क्षेत्र के युवा इस तरह का प्रदर्शन करते हैं तो संपूर्ण क्षेत्र गौरव महसूस करता है। इस अवसर पर नठेड़ा के सरपंच मनोज कुमार, एडवोकेट रमेश शर्मा, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष प्रमोद शास्त्री, मुकुट सिंह, अजय कुमार और संजय राव उपस्थित थे।

## गोल्डन लायनेस क्लब की प्रधान उषा रुस्तगी बेस्ट प्रेजिडेंट अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

गोल्डन लायनेस क्लब का डिस्ट्रिक्ट सम्मान समारोह शनिवार को फरीदाबाद के निजी होटल में धूमधाम से आयोजित किया गया। क्लब की डिस्ट्रिक्ट प्रेजिडेंट गोल्डन लायनेस वेद कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में गोल्डन लायनेस क्लब रेवाड़ी की प्रधान उषा रुस्तगी को बेस्ट प्रेजिडेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अलावा उन्हें रक्तदान शिविर लगाने व स्वयं भी रक्तदान करने के लिए भी सम्मानित किया गया। समारोह में रेवाड़ी क्लब को विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्यो के लिए 6 पुरस्कार प्रदान किए गए। क्लब की पीआरओ पूनम शर्मा ने बताया कि समारोह में फरीदाबाद, दिल्ली, नोएडा व ग्रेटर नोएडा के 2 दर्जन से अधिक क्लब शामिल थे। समारोह में रेवाड़ी क्लब की पीआरओ पूनम शर्मा, सचिव प्रेरणा डाटा व कोषाध्यक्ष कुसुम शर्मा को भी विशिष्ट रूप से पुरस्कृत किया गया। इस गौरवपूर्ण सम्मान के लिए भाजपा की जिला प्रधान वंदना पोपली, पीईबी के प्रधान अशोक सोमाणी, केएलपी कॉलेज के प्रधान रिपुदमन गुप्ता, महासचिव अरविंद गुप्ता, उपप्रधान संदीप खंडेलवाल, प्राचार्या डा. कविता गुप्ता, डा. रुचि सक्सेना, डा. सीमा मित्तल, डा. तृप्ति भार्गव, पुष्पांजलि अस्पताल के चेयरमैन डा. एस पी यादव, डा. अभय कुमार, डा. राहुल सिंघला सामाजिक संगठनों ने उषा रुस्तगी को बधाई दी है।



रेवाड़ी। समारोह में अवार्ड लेते हुए उषा रुस्तगी। फोटो :हरिभूमि

### बेटी के जन्म पर कुआं पूजन कर समाज को दिया संदेश



**कोसली।** कोसली गांव के एक परिवार ने दूसरी बेटी के जन्म पर कुआं पूजन समारोह का आयोजन कर समाज के समक्ष अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। गांव निवासी वर्षा यादव व राहुल देव ने दूसरी बेटी के जन्म के उपलक्ष्य में कुआं पूजन का आयोजन किया। राहुल देव ने कहा कि उनके परिवार का मानना है कि आज के समय में लड़के व लड़की में कोई अंतर नही है। इस प्रेरक पहल पर खुशी जाहिर करते हुए सरपंच रामकिशन जांगडा, जिला पार्षद जीवन हितैषी, पूर्व चेयरमैन रवि यादव, पंच ओमप्रकाश डाबला, दयानंद भारद्वाज,जगदीश यादव, रमेश कुमारी, लोकेश यादव, अरुणा, सरोज, सुशीला, प्रिंसिपल अनूप, प्रवक्ता माया यादव व बालयोगेश्वर ने परिजनों को बधाई दी। आंगनबाड़ी सुपरवाइजर संतोष ने कहा हरियाणा की बेटियां हर क्षेत्र में अपना नाम कमा रही हैं। लड़कियों के जन्म पर कुआं पूजन का आयोजन समाज में बेटियों के प्रति कायम सोच में बदलाव लाएगा।

### सत्यप्रकाश गौतम तीसरी बार बने भगवान परशुराम शिक्षा समिति के प्रधान, पांच कार्यकारिणी सदस्य भी नियुक्त



**रेवाड़ी।** भगवान परशुराम शिक्षा समिति बूढ़पुर की ओर से रविवार को गवर्निंग बॉडी के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव परिणाम घोषित किए गए। चुनाव अधिकारी सतबीर सिंह यादव, सहायक चुनाव अधिकारी सुबेदार जगत सिंह बोहरा व सांवलराम यादव ने चुनाव परिणामों की घोषणा की। चुनाव अधिकारी सतबीर सिंह ने बताया कि समिति के चुनाव में गवर्निंग बॉडी के 5 पांच पदों के लिए 5 उम्मीदवारों व 5 कार्यकारिणी सदस्यों के सिंगल नामांकन पत्र दाखिल हुए थे। चुनाव अधिकारी ने सत्यप्रकाश गौतम को तीसरी बार भगवान परशुराम शिक्षा समिति का प्रधान निर्वाचित किया। इस मौके पर डा. एके शर्मा मानेसर, कृष्ण मोहन कौशिक, शिवकुमार हरित, निरंजन लाल शर्मा, मोहन तिवारी, अनूप भारद्वाज, अतुल शर्मा, नौबहर गौतम, मेजर राजकुमार, खुशाल शर्मा, शशि भूषण अग्निहोत्री, जयकुमार शर्मा, दीपक शर्मा, राजेश वशिष्ठ, प्रवीण शर्मा व धीरज गौतम उपस्थित थे।

ऑपरेशन आक्रमण | विभिन्न अपराधों में संलिप्त 35 आरोपियों को धर दबोचा

# पुलिस टीम का अपराधियों पर आक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शनिवार रात्रि को हरियाणा में अपराध नियंत्रण के लिए ऑपरेशन आक्रमण चलाया गया। जिला पुलिस ने ऑपरेशन आक्रमण के दौरान एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कार्य करते हुए विभिन्न अपराधिक मामलों में संलिप्त 35 आरोपियों को धर दबोचने में सफलता हासिल की है। ऑपरेशन आक्रमण के तहत चले विशेष अभियान में सभी अपराध जांच शाखा एवं थाना व चौकी स्तर पर टीमों का गठन किया गया, जिसमें पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपराधियों पर कड़ा प्रहार किया। जिला रेवाड़ी पुलिस द्वारा की गई इस बड़ी कार्रवाई पर श्री हेमेंद्र कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी ने अपराधियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जिला रेवाड़ी में अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है अन्यथा सभी अपराधी सलाखों के पीछे जाने के लिए तैयार रहे।



एसपी हेमेंद्र मीणा।



रेवाड़ी। कोसली पुलिस की गिरफ्त में बाइक चोरी के दो आरोपी व अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार आरोपी। फोटो :हरिभूमि

### अभियान के दौरान पकड़े गए आरोपी

- ▶▶ जिला पुलिस ने ऑपरेशन आक्रमण के तहत आबकारी अधिनियम के तहत 2 मामले दर्ज करके 2 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनसे 24 बोतल अवैध देशी शराब बरामद की है।
- ▶▶ ऑपरेशन के दौरान शस्त्र अधिनियम के तहत 5 मामले दर्ज करके 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से 3 अवैध देशी कट्टे, 2 देशी पिस्टल व 3 जिंदा कारतूस बरामद किए गए।
- ▶▶ पुलिस ने जुआ अधिनियम के तहत दर्ज 3 मामलों में 9 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जुआ एवं सट्टा में लगाई गई 4260 की राशि बरामद की।
- ▶▶ कोसली थाना पुलिस ने बाइक चोरी का एक मामला दर्ज करके 2 आरोपियों को गिरफ्तार करके चोरी की बाइक को बरामद की।
- ▶▶ ऑपरेशन के दौरान थाना मॉडल टाउन पुलिस ने चोरी की हुई एक बाइक व एक स्कूटी को बरामद किया।
- ▶▶ जिला पुलिस ने 5 उद्घोषित-जमानोत्तर अपराधियों को धर दबोचने में सफलता प्राप्त की, जो काफी लंबे अरसे से फरार थे।
- ▶▶ पुलिस ने अलग-अलग मामलों में अदालत की ओर से अरेस्ट वारंट जारी होने पर 5 आरोपियो को काबू करके अदालत में पेश किया।
- ▶▶ ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत लेन ड्राइविंग की अवहेलना करने पर 68 वाहनों के चालान कर एक वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया।



### शत-प्रतिशत रहा प्रयाग स्कूल का परीक्षा परिणाम

**धारूहेड़ा।** महेश्वरी स्थित प्रयाग सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। छात्र हर्षित चौधरी ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। हर्षित ने गणित में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। आयुष मिश्रा ने 95 प्रतिशत प्राप्त किए व विज्ञान में 99 प्रतिशत अंक पाए। छात्रा तमन्ना ने 93 प्रतिशत और वैष्णवी ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वैष्णवी ने डांस विषय में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। स्कूल की डायरेक्टर केशा यादव ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों, अभिभावकों और टीचर्स की मेहनत को दिया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 10 बच्चों का डाक विभाग में चयन हुआ है। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## खबर संक्षेप

### गलत नीयत से घर में घुसे शोर मचाने पर भागे

**डहीना।** गांव कंवाली स्थित मकान में रात को दो अज्ञात व्यक्ति गलत नियत से घुस गए। उस समय परिवार सोया हुआ था। तभी बच्ची की आंख खुल गई और उसने शोर मचा दिया, जिससे व्यक्ति भाग गए। गांव निवासी सुधीर ने डहीना चौकी पुलिस को बताया कि 17 मई को रात करीब 2:30 बजे के आसपास 2 अज्ञात व्यक्ति छत के रास्ते उनके मकान के अंदर गलत नियत से घुस गए। मकान के अंदर उसकी मां, भाभी व बच्चे सो रहे थे। मकान में घुसते ही व्यक्ति उस कमरे में पहुंचे, जहां परिवार सोया हुआ था। दसी बीच बच्ची की नींद खुल गई और उसने शोर मचा दिया, जिससे व्यक्ति उलटे पांव भाग गए। घर में घुसने की यह घटना पडोसी के सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। पुलिस ने मौके का मुआयना करके सीसीटीवी के आधार पर व्यक्तियों की तलाश शुरू कर दी है।

### कार की टक्कर से स्कूटी चालक घायल

**रेवाड़ी।** बावल रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। नई आबादी निवासी योगेश ने मॉडल टाउन थाना पुलिस को बताया कि उसके पिता राजू की कपड़े सिलाई की दुकान है। उसके पिता प्रतिदिन रात्रि 10 बजे तक घर वापस आ जाते है। 16 मई को लेट होने पर उसकी मां ने पिता के मोबाइल पर काल की तो किसी अज्ञात व्यक्ति ने उठाया। व्यक्ति ने बताया कि उसके पिता का एक्सीडेंट हो गया, जिनको इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया है। जब वे अस्पताल पहुंचे तो उसके पिता को होश नहीं आया था। व्यक्ति ने बताया कि उसके पिता बावल रोड पर सड़क क्रास कर रहे थे तभी बस स्टैंड की ओर से आर रही एक जेल रफ्तार कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे उनको काफी चोटें आई। पुलिस ने अज्ञात कार चालक पर केस दर्ज कर लिया है।

### भूमि विवाद को लेकर लाठी-डंडों से हमला

**रेवाड़ी।** गांव भालखी में खेत जोत रहे तीन भाईयों पर जमीनी विवाद को लेकर एक दर्जन से अधिक लोगों ने लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस दौरान बीच-बचाव करने पहुंची महिलाओं के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। हमले में परिवार के कई लोग घायल हो गए। माजरा मुस्तिल भालखी की ढाणी निवासी हुकम सिंह ने कुंड थाना पुलिस को बताया कि वह अपने भाई जगदीश व गजराज के साथ खेत जोत रहे थे। इसी दौरान सुरेन्द्र सिंह, लालचन्द, हर्ष, सुमित, जीवनपाल, मनीष, हंसा बाई, कमला देवी, माया देवी, पूजा, सपना, विद्या देवी व बाला देवी लाठी-डंडो व कुल्हाडी लेकर वहां आ गए और तीनों पर हमला कर दिया। इस दौरान बीच-बचाव करने के लिए उनके घर की महिलाएं व पुरुष भी आ गए। हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट शुरू कर दी। हमले में उनके परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर सभी फरार हो गए और जाते समय सुरेन्द्र सिंह, हर्ष व लालचन्द ने उन्हे जान से मारने की धमकी दी। हमले में धर्मेन्द्र, मंजू, रीना व रतना देवी सहित परिवार के कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मेगा सफाई अभियान में उड़ी सुरक्षा की धज्जियां फोटोग्राफी कराने के लिए उड़ाया गया ड्रोन

**पाक पर एयर स्ट्राइक के बाद लगाई गई थी रोक, एमएलए के सामने काफी देर तक उड़ता रहा ड्रोन**

- शहर को इंदौर बनाने की कवायद में जुटे विधायक और आलाधिकारी

हेमंत शर्मा ▶▶। रेवाड़ी







रेवाड़ी। रविवार को सरकुलर रोड पर उड़ाया गया ड्रोन, सरकुलर रोड पर उड़ता ड्रोन व रिमोट लिए हुए फोटोग्राफर तथा सरकुलर रोड पर रैली निकालते विधायक व अन्य लोग। फोटो : हरिभूमि

शहर को 'इंदौर' बनाने की कवायद में जुटे विधायक व उनके खास सिपहसालार भले ही शहर की आंतरिक सफाई व्यवस्था से सरोकार नहीं रख रहे हों, परंतु अभियान के पब्लिसिटी स्टंट में कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रहे हैं। अभियान के बेहतर प्रचार-प्रसार के लिए हदें इस कदर पार हो जाती हैं कि प्रशासन की रोक के बावजूद फोटोग्राफी के लिए आसमान में ड्रोन उड़ा दिया जाता है। पता चलने के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंचती है, तो ड्रोन को कानूनी कार्रवाई के डर से गायब कर दिया जाता है।

शहर के भीतरी इलाकों में सफाई व्यवस्था तार-तार नजर आती है। कई पूर्व व वर्तमान पार्षद अक्सर अपने वार्डों में समय पर सफाई नहीं होने के आरोप लगाते रहते हैं। आंतरिक सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने की बजाय इस समय अभियान के नाम पर जबरदस्त तरीके से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। रविवार को 'मेगा सफाई अभियान' के नाम पर स्कूली बच्चों तक को मैदान में उतारा गया।

इसी दौरान अभियान में भारी भीड़ जुटाने के लिए आसमान से फोटोग्राफी शुरू कराई गई। कवरेज के लिए आसमान में ड्रोन उड़ने लगा, तो लोगों के जहन में प्रशासन की ओर से लगाई गई रोक सामने आ गई। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों के आंखों के सामने ड्रोन कानून की धज्जियां उड़ाता रहा, परंतु किसी ने ड्रोन उड़ाने वाले के खिलाफ एक्शन लेने की हिम्मत नहीं दिखाई। आधे घंटे से भी ज्यादा समय ड्रोन हवा में उड़ता रहा।

**पुलिस एक्शन को देखते हुए उतारा**

जानकार सूत्रों के अनुसार कुछ अभियान में ही शामिल कुछ लोगों ने जब वहां मौजूद एक पुलिस अधिकारी से ड्रोन उड़ाने पर लगी रोक हटाने के बारे में पूछा, तो पुलिस अधिकारी भी हरकत में आ गया। ड्रोन को तुरंत नीचे उतारने के आदेश दिए गए, परंतु डीसी की ओर से जारी आदेशों की धज्जियां उड़ाने पर किसी तरह का कोई एक्शन नहीं लिया गया। जिस समय ड्रोन उड़ रहा था, उस समय प्रशासन के कुछ अधिकारी भी हवा से फोटो खिंचवाने में मशगूल नजर आ रहे थे।

**पाक से तनाव बढ़ने पर लगी रोक**

पाक पर एयर स्ट्राइक के बाद जब दुश्मन की ओर से ड्रोन हमले शुरू किए गए, तो पूरे देश में सुरक्षा को देखते हुए ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी लगा दी गई थी। यह पाबंदी तक बरकरार है। इसके बावजूद कार्यक्रमों के आयोजकों का ड्रोन से फोटो प्रेम खुलेआम कानून की धज्जियां उड़ाने वाला कदम माना जा सकता है। एसएचओ सिटी रतनलाल ने बताया कि उन्हें ड्रोन उड़ाने की सूचना मिली थी। जब वह मौके पर पहुंचे तो ड्रोन वहां से हटा लिया गया था।

# पंच परिवर्तन से युवाओं को नागरिक शिष्टाचार की सीख देते हुए कर्तव्यों का बोध कराने की आवश्यकताः आलोक

**बाल भवन में विश्व हिंदू परिषद की भिवानी विभाग की एक दिवसीय बैठक का आयोजन**




रेवाड़ी। केंद्रीय अध्यक्ष का सम्मान करते विहिप पदाधिकारी तथा कार्यक्रम में मौजूद विहिप कार्यकर्ता वअ अन्य लोग।

- कार्यक्रम में चार जिलों रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, चरखी दादरी व भिवानी से 120 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

विश्व हिंदू परिषद की भिवानी विभाग की एक दिवसीय बैठक बाल भवन में सम्पन्न हुई, जिसमें केंद्रीय अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद आलोक कुमार का प्रवास हुआ। कार्यक्रम में भिवानी विभाग के अंतर्गत आने वाले चार जिलों रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, चरखी दादरी व भिवानी से 120 अपेक्षित कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में शिक्षण-प्रशिक्षण, राष्ट्रीय मुद्दों पर चिंतन व संगठन विस्तार को लेकर तीन सत्र चले, जिसमें केंद्रीय अध्यक्ष के सानिध्य में प्रांत संगठन मंत्री राधेश्याम, प्रांत मंत्री वरुण, प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख गोपालकृष्ण व भिवानी विभागाध्यक्ष विशाल सैनी ने जानकारी दी। इस मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष आलोक ने कहा कि जो समाज अपनी संस्कृति से कट जाता है, उसका कभी भला नहीं हो सकता। हमें पुनः अपनी मूल संस्कृति व सच्चे अध्यात्म की ओर लौटना होगा, तभी सत्य सनातन वैदिक हिंदू धर्म व संस्कृति की रक्षा होगी तथा सच्चे ईश्वर की उपासना से जीवन में सुख, शांति, समृद्धि व मुक्ति की प्राप्ति होगी। उन्होंने कहा कि सच्चे ईश्वर की उपासना के लिए आवश्यक है कि हम जाति-वर्ण के मिथ्या बंधन तोड़कर धर्म के झंडे तले एक हो जाए। संसार में हम सबसे श्रेष्ठ है, लेकिन जाति-वर्ण-सम्प्रदाय ने हमारा सत्यानाश किया हुआ है। हम भेदभाव और छूआछूत की दीवारें ढहा दें तथा संकल्प लें कि हम सब भारत माता की संताने है व हम सब एक हैं। केंद्रीय अध्यक्ष ने सामाजिक समरसता पर बल देते हुए कहा कि हमें सामाजिक संगोष्ठियों में एक कुआं-एक मंदिर-एक श्मशान होने की बात को चरितार्थ करने पर सदैव बल देना चाहिए।

विहिप के केंद्रीय अध्यक्ष आलोक ने कहा कि पंच परिवर्तन के माध्यम से युवाओं को नागरिक शिष्टाचार की सीख देते हुए नागरिक कर्तव्यों का बोध कराने की अति आवश्यकता है। यथा ट्रैफिक, पार्किंग, कूड़ा करकट न फैलाना, स्वच्छता, मर्यादा, आतिथ्य सत्कार, सदाचार, शिष्टाचार का बोध होने के साथ-साथ पर्यावरण, पानी व पृथ्वी को संरक्षित रखने का आत्मज्ञान विकसित करना भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि समरसता यात्रा का कार्य 4 जिलों में संतों के मार्गदर्शन में संतों द्वारा सेवा बस्ती को आधार बनाकर किया जाने वाला है। उन्होंने कहा कि पहलगांव की घटना पश्चात आपरेशन सिंदूर के समय संगठन के कार्यकर्ताओ द्वारा समाज का मनोबल बढ़ाना, उल्लेखनीय कार्य है। देश की सीमा सैनिकों से सुरक्षित रहती है, जोकि उनकी राष्ट्र के प्रति पूर्ण निष्ठा का द्योतक है, परंतु समाज के अंदर सामाजिक सुरक्षा के लिए हम लोगों में जागरूकता अति आवश्यक है। प्रांत संगठन मंत्री राधेश्याम ने संगठन कार्य के लिए समिति निर्माण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बजरंग दल, दुगार्वाहिनी एवं परिषद वर्ग के लिए अपेक्षित कार्यकर्ता अवश्य प्रशिक्षण प्राप्त करें। विहिप रेवाड़ी जिलाध्यक्ष राधेश्याम मित्तल ने सभी पदाकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# सुसाइड नोट लिखकर फंदे से लटका, पुत्रवधु समेत चार लोगों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी




रेवाड़ी। खोल थाना परिसर।

बेटे की शादी के महज चार माह बाद ही पुत्रवधु व उसके मायके पक्ष के लोगों के साथ शुरू हुए विवाद के चलते प्राणपुरा के एक व्यक्ति ने दो सुसाइड नोट लिखकर फांसी लगाकर जान दे दी। सुसाइड नोट व मृतक के बेटे के बयान पर थाना खोल पुलिस ने पुत्रवधु सहित चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राणपुरा निवासी गिरकर बीते शनिवार को घर से ट्रैक्टर लेकर खेत में गया था। वहां जाने के बाद उसने अपने जीजा कतोपुरी निवासी कुंदन को सुसाइड नोट लिखकर व्हाट्सएप पर भेज दिया। उसके जीजा ने तुरंत गिरवरट के बेटे धनराज को इस बारे में बताया। धनराज गांव के कुछ लोगों को साथ लेकर खेत में पहुंचा तो गिरवर पेड़ पर फांसी लगाकर लटका हुआ था। ग्रामीणों ने उसे तुरंत फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद सामान्य अस्पताल पहुंची ने शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने सुसाइड नोट कब्जे में लेकर मृतक की पुत्रवधु दिप्ती, उसकी मां दड़ोली निवासी प्रकाश देवी, भाई दिपेश कुमार व दिप्ती के मामा सुधीर के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि सुसाइड नोट को एफएसएल भेजा गया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच के बाद ही इस मामले आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

- गत 26 जनवरी को ही की थी बेटे की शादी, दोनों पक्षों के बीच चल रहा था विवाद

**आरोपों को लेकर परेशान था गिरवर**

पुलिस बयान में मृतक के बेटे धनराज ने बताया कि उसकी शादी गत 26 जनवरी को दिप्ती के साथ हुई थी। दिप्ती ने शादी के बाद उसके साथ संबंध बनाने से इनकार कर दिया। उसने अपने परिजनों को दो माह तक यह बात नहीं बताई। दिप्ती ने उसे बताया कि उसके शादी से पहले एक अन्य युवक के साथ संबंध बन गए थे। वह अपने परिजनों को यह बात बता चुकी थी, लेकिन परिजनों ने उसकी शादी जबरन करा दी। 27 मार्च को दिप्ती का मामा सुधीर उनके घर आया तथा परिवार पर उसके साथ अच्छा व्यवहार नहीं करने की बात कहते हुए उसे अपने साथ ले गया।

**बातचीत के बाद दिप्ती को लाया था घर**

धनराज के अनुसार उसका पिता 21 अप्रैल को परिवार के लोगों व रिश्तेदारों के साथ दिप्ती के घर गया। दिप्ती ने अपनी गलती स्वीकार की, तो उसे घर ले आया गया। उसके व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। 9 मई को दिप्ती के परिजन व रिश्तेदार आए और उसे अपने साथ ले गए। उन्होंने उसके पिता को झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। इसके बाद से ही उसके पिता को समाज में अपमानित होने का डर सताने लगा था। दिप्ती के परिजन अपनी पहुंच ऊपर तक होने की बात कहते हुए डरा रहे थे।

**महिला पुलिस के साथ पहुंचे थे परिजन**

गत 16 मई को दिप्ती के परिजन जाटूसाना थाना पुलिस से महिला पुलिस को साथ लेकर गिरवर के घर पहुंचे थे। धनराज ने आरोप लगाया कि दिप्ती के परिजनों ने धमकी दी कि उनके खिलाफ जाटूसाना थाने में दिप्ती की ओर से गंभीर आरोप लगाए गए हैं। वह उसे और उसके बेटे को जेल भिजवाकर दम लेंगे। महिला पुलिसकर्मी ने जांच में शामिल होने के लिए नोटिस भी दिया था, जिसके बाद उसका बुरी तरह घबरा गया था। समाज में बदनामी के डर से ही उसके पिता ने अपनी जीवनलील समाप्त की है।

# जिले की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ऋण योजना में 78 केसों का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी



हरियाणा सरकार की ओर से महिला विकास निगम के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए व्यक्तिगत ऋण योजना शुरू की है, जिसके तहत बैंकों के माध्यम से एक लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि ऋण योजना के तहत जिले के लिए 78 केसों का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि 1.80 लाख रुपए से कम वार्षिक आय वाली व हरियाणा की स्थाई निवासी महिला इस योजना के लिए पात्र होंगी। आवेदक के समय महिला उद्यमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी आवश्यक है और आवेदक पहले से लिए गए ऋण का डिफाल्टर न हो। उन्होंने बताया कि योजना के तहत जनरल श्रेणी की महिला को 10000 रुपए तथा अनुसूचित श्रेणी की महिला को 25000 रुपए अनुदान राशि दी जाएगी। योजना के तहत उद्योग विभाग की सूची में शामिल नकारात्मक गतिविधियों तथा केवीआईबी को छोडकर अन्य सभी गतिविधियां शामिल है। योजना के तहत महिलाएं परचून की दुकान, कपड़े की दुकान, सैलून, सिलाई सेंटर ,ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, बुटीक, हलवाई की दुकान, फूड स्टाल, टिफिन सर्विस व मिट्टी के बर्तन बनाने का काम शुरू कर सकती है। योजना का लाभ लेने के लिए दस्तावेजो में आवेदक पत्र, परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड व पासपोर्ट साइज की फोटो की दो-दो प्रतियां आवश्यक है।

## एडीआर केंद में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

# कई महत्वपूर्ण विषयों पर की गई गहन चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार्यशाला में जानकारी देते हुए सीजेएम अमित वर्मा। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से एडीआर केंद्र में मासिक बैठक-सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पैनल अधिवक्ताओं, पैरा लीगल वालंटियर्स, मध्यस्थों तथा लीगल एड डिफेंस काउंसल्स की विधिक जानकारी को सुदृढ़ करना था। कार्यशाला में सीजेएम व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थे। प्रशिक्षण सत्र के दौरान महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई, जिसमें किशोर न्याय अधिनियम का समग्र परिचय, एलसीएसएमएस पोर्टल पर मामलों के अद्यतन की विधि तथा एनएएलएसए हेल्पलाइन 15100 के उपयोग और प्रचार-प्रसार पर चर्चा की गई। सत्र में प्रतिभागियों को व्यवहारिक अनुभवों और प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई, जिससे जिले में विधिक सहायता और मध्यस्थता सेवाओं की प्रभावशीलता बढ़ेगी। सीजेएम अमित वर्मा ने बताया की जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से 28 मई को गांव बोडिया कमालपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मेगा सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को विभिन्न सरकारी सेवाओं, योजनाओं और विधिक सहायता का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। निःशुल्क विधिक सहायता और परामर्श, सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही।



रेवाड़ी। बावल में तिरंगा यात्रा निकालते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

### सेना ने पाकिस्तान में आतंकवादी अड्डों को तबाह करके देश का गौरव बढ़ायाः डॉ. कृष्णा

**बावल।** बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने कहा कि देश सेना के ऑपरेशन सिंदूर पर गर्व महसूस कर रहा है। सेना ने पाकिस्तान में आतंकवादी अड्डों को तबाह करके देश का गौरव बढ़ाया है। रविवार को भारतीय सेना के सम्मान व साहस को लेकर बावल में भगतराम चौक से लेकर अंबेडकर चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में विधायक के साथ नपा उपप्रधान अर्जुन चौकन, समाजसेवी अनिल रायपुर व ईश्वर सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल थे। विधायक ने कहा पाकिस्तान की नापाक हरकत का जवाब भारतीय सेना नें उसी की भाषा में दिया है। आज देश सुरक्षित हाथों में है और सभी देशवासियों को भारतीय सेना पर गर्व है। उन्होंने कहा कि बावल क्षेत्र में स्वास्थ्य व शिक्षा को लेकर योजना बनाई गई है। आमजन के साथ मिलकर विकास कार्य किए जा रहे है। प्रदेश में बिना खर्ची-पर्ची की सरकार है, जोकि गरीबों के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म किया जा रहा है। इस अवसर पर डा. विजय कुमार, सुनील कुमार, कुलदीप व संजय सहित अनेक लोग मौजूद थे।

**राजनीति** भाजपा जिलाध्यक्ष और राव समर्थकों ने जुटाई भारी भीड़, उत्साह के साथ कार्यकर्ताओं सहित पहुंचे सुनील मुसेपुर

# तिरंगा यात्रा से राव विरोधी खेमे की दूरी, सुनील का 'शुभचिंतकों' को जवाब, बनवारीलाल को मिला मान

- भारी भीड़ जुटाने के लिए वंदना पोपली की ओर से संगठन के स्तर पर व्यापक तैयारियां की गई थीं

नरेन्द्र वत्स ▶▶। रेवाड़ी



राव इन्द्रजीत सिंह।



वंदना पोपली।



बनवारी लाल।



सुनील मुसेपुर।

भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली के संयोजन में रविवार को शहर में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा से एक ओर जहां भाजपा के राव विरोधी खेमे ने दूरी बनाए रखी, तो दूसरी ओर वंदना की टीम व राव समर्थक भारी भीड़ जुटाने में कायमाब रहे। वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील मुसेपुर का अपने नेता राव इंद्रजीत सिंह के साथ कदमताल करना और राव का पूर्व मंत्री डा. बनवारीलाल को पूरा सम्मान देना राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना रहा।

तिरंगा यात्रा में भारी भीड़ जुटाने के लिए वंदना पोपली की ओर से संगठन के स्तर पर व्यापक तैयारियां की गई थीं। इस यात्रा में भाजपा के तमाम नेताओं और कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया था। इसके बावजूद राव विरोधी खेमे से जुड़े नेताओं और उनके समर्थकों ने यात्रा में शामिल होने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। गत विधानसभा चुनावों में रेवाड़ी हलके से भाजपा की टिकट नहीं मिलने के बावजूद ग्राउंड लेवल पर पार्टी के लिए पसीना बहा चुके प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुनील मुसेपुर को लेकर 'शुभचिंतक' यह कयास लगा रहे थे कि वह राव से नाराज चल रहे हैं। इन कयासों पर विराम लगाते हुए सुनील मुसेपुर जिस अंदाज में राव इंद्रजीत सिंह के करीब पहुंचे, उससे उनके विरोधियों को जोर का झटका लग गया। खासकर सुनील से राव की दूरी में ही अपना स्वार्थ देखने वाले लोगों के लिए यह हाईवोल्टेज करंट से कम नहीं था। बाद में सुनील ने स्पष्ट किया राव उनके नेता हैं और वह अपने नेता से कभी दूर नहीं हो सकते। यात्रा के दौरान सुनील लगातार राव के करीब नजर आए, जिससे उनके विरोधियों की बेचैनी भी बढ़ी रही।

**बनवारीलाल विरोधियों को भी झटका**

पूर्व मंत्री डा. बनवारीलाल को गत विधानसभा चुनावों में टिकट नहीं मिली थी। उन्होंने टिकट कटने के बावजूद पार्टी से बगावत करने की बजाय विधानसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशी का खुलकर साथ दिया। पार्टी संगठन की ओर से डा. बनवारीलाल को दिल्ली विधानसभा चुनावों से लेकर प्रदेश में हुए निगम चुनावों में भी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई थी। ऐसा माना जा रहा था कि टिकट नहीं मिलने के बाद डा. बनवारीलाल की राव के प्रति नाराजगी बन चुकी है, परंतु डा. बनवारीलाल राव की तिरंगा यात्रा में पहुंच गए। राव ने नीचे खड़े डा. बनवारीलाल को मंच पर बुलाकर पूरा सम्मान दिया, तो बनवारीलाल के विरोधियों को भी झटका लग गया।

**वंदना की पीठ थपथपा गए केंद्रीय मंत्री**

शहर में निकाली गई तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए वंदना पोपली ने अपनी टीम को तीन दिन से तैयारियों में लगाया हुआ था। इसके लिए बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को भी शामिल होने के लिए तैयार किया गया था। सुबह से ही शहर के साथ-साथ आसपास के गांवों से भी तिरंगा यात्रा में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं का आना शुरू हो गया था। देखते ही देखते यात्रा में भारी भीड़ एकत्रित हो गई, जिस पर राव ने जिलाध्यक्ष के प्रयासों की जमकर सराहना की। वहीं दूसरी ओर यात्रा की सफलता का श्रेय वंदना पोपली ने संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को दिया है।